# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 25.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार करेंगे साझा।
- राजधानी रांची में भाजपा ने निकाला महिला आक्रोश मार्च, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा–महिला आरक्षण पर विपक्ष का चेहरा उजागर, देशभर की महिलाओं में आक्रोश।
- विश्व मलेरिया दिवस पर रांची में वेक्टर जनित रोगों के उन्मूलन पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों और दस मुखियाओं को किया गया सम्मानित।
- रांची, देवघर, धनबाद समेत राज्य के कई जिलों में 26 से 28 अप्रैल तक बारिश का पूर्वानुमान, भीषण गर्मी से मिलेगी राहत।
- नव भारत ऑल इंडिया महिला हॉकी टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए सिमडेगा की 20 सदस्यीय महिला हॉकी टीम बिलासपुर रवाना, 26 अप्रैल से शुरू होंगे मैच।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी के द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

*******************

राजधानी रांची में भारतीय जनता पार्टी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष के विरोध के खिलाफ महिला आक्रोश मार्च निकाला। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास समेत कई नेता उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि विपक्ष ने संसद में विधेयक का विरोध करके महिलाओं के अधिकारों का हनन किया है।

वहीं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि महिला आरक्षण पर विपक्ष के विरोध से महिलाओं में आक्रोश है और वे इस अपमान का बदला जरूर लेंगी।

*******************

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर रांची के आईपीएच सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर वेक्टर जनित रोगों के उन्मूलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों और 10 मुखियाओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा सहित कई स्वास्थ्य अधिकारियों ने मलेरिया उन्मूलन के लिए जागरूकता, साफ–सफाई और मच्छरदानी के उपयोग पर जोर दिया। इस दौरान वेक्टर जनित रोगों पर आधारित एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया गया और पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता बताई गई। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया और रोग नियंत्रण के लिए समन्वित प्रयासों पर चर्चा की गई। उधर जामताड़ा में भी जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर दिनेश प्रसाद ने मलेरिया से बचाव की जानकारी दी।

*******************

धनबाद–भुवनेश्वर एक्सप्रेस अब एलएचबी रैक के साथ चलेगी। पहले इस ट्रेन में 814 सीटें थीं जो बढ़कर 932 हो गई हैं। इस बदलाव से ट्रेन में 118 सीटें बढ़ जाएंगी और वेटिंग लिस्ट की संख्या कम होगी तथा लोगों को कनफर्म टिकट आसानी से मिल सकेगा।

*******************

हजारीबाग पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र की बैठक हुई, जिसमें सात जिलों–हजारीबाग, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, रामगढ़, चतरा और कोडरमा के एसपी शामिल हुए। बैठक के दौरान पिछले छह महीनों में हुई प्रमुख आपराधिक घटनाओं की समीक्षा करते हुए सभी लंबित मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया गया।

******************

रांची पुलिस ने जगन्नाथपुर मंदिर में तैनात सुरक्षा प्रहरी बिरसा मुंडा की हत्या मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 24 अप्रैल को हुई घटना में अज्ञात अपराधियों ने हत्या कर मंदिर के दानपात्र से नकदी की चोरी की थी, जिसके बाद तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में अपराध स्वीकार करते हुए चोरी के दौरान पहचान छिपाने के लिए हत्या करने की बात कही है। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि मंदिर से चोरी किये गये तीन लाख रुपये बरामद कर लिये गये हैं।

******************

देवघर कोर्ट ने 2019 में रिखिया थाना क्षेत्र में ईवीएम से भरे ट्रक में लूट और क्षति के मामले में फैसला सुनाते हुए 19 आरोपियों को बरी कर दिया है। बरी होने वालों में झामुमो के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष शशांक शेखर भोक्ता, झामुमो नेता सुरेश शाह, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुरेश पासवान, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष मुन्नम संजय, झामुमो नेता बिनोद वर्मा और भूतनाथ यादव प्रमुख हैं।

******************

धनबाद के सदर अस्पताल में कायाकल्प असेसमेंट के तहत रांची से आई टीम ने निरीक्षण किया। इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर अस्पताल की सुविधाओं और रख–रखाव को और बेहतर बनाया जाएगा। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर संजीव कुमार ने कहा कि अस्पताल को पीपीपी यानी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड पर विकसित करने की योजना है।

******************

रामगढ़ के उपायुक्त ऋतुराज ने मां छिन्नमस्तिका सिद्धपीठ रजरप्पा मंदिर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित बस स्टैंड, प्रवेश द्वार, निकास द्वार, घाट निर्माण, दुकानों के निर्माण सहित अन्य स्थलों का निरीक्षण किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपायुक्त ने कहा कि मंदिर परिसर के समुचित विकास, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा एवं बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

******************

रांची में 26 अप्रैल से भीषण गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं। मौसम विभाग ने 26 से 28 अप्रैल के बीच राज्य के विभिन्न हिस्सों में गर्जन के साथ ओलावृष्टि, वज्रपात और तेज हवा चलने की संभावना जताई है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने और तापमान में गिरावट आने की उम्मीद है। देवघर, दुमका, गिरिडीह, पाकुड़, जामताड़ा, गोड्डा, साहिबगंज सहित रांची, रामगढ़, गुमला, हजारीबाग, धनबाद और कोडरमा में मौसम खराब रहने की संभावना है।

******************

सिमडेगा की 20 सदस्यीय महिला हॉकी टीम नव भारत ऑल इंडिया महिला हॉकी टूर्नामेंट 2026 में भाग लेने के लिए बिलासपुर रवाना हुई। यह प्रतियोगिता 26 अप्रैल से 2 मई तक आयोजित होगी, जिसमें देशभर की कई टीमें हिस्सा लेंगी। हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारियों और खेल विभाग के अधिकारियों ने खिलाड़ियों को जीत के लिए शुभकामनाएं देकर विदा किया।

*****समाप्त*******